मुझे लगता है कि भविष्य में अधिकतर देश टी20 खेलना चाहेंगे। टी20 ही भविष्य का खेल है। लेकिन सभी बोर्डों को यह समझना चाहिए कि टेस्ट क्रिकेट और वनडे क्रिकेट ही इस खेल का चरम है

- चमिंडा वास

श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज, टेस्ट और वनडे प्रारूपों को जीवित रखने को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

होल्गर रून



डेनमार्क के स्टार टेनिस खिलाड़ी होल्गर रून ने एड़ी की चोट से उबरने के बाद सीधे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी नहीं करने का फैसला किया है। इसी कारण उन्होंने आगामी अमेरिकी ओपन 2026 से अपना नाम वापस ले लिया है। 23 वर्षीय रून 2025 में स्टॉकहोम सेमीफाइनल के दौरान एड़ी के पिछले हिस्से की चोट से जूझे थे और तब से उन्होंने कोई प्रतिस्पर्धी मुकाबला नहीं खेला है। उन्होंने आगे कहा, मेरी टीम और मैंने फैसला किया है कि वापसी के लिए मेरा पहला टूर्नामेंट कोई ग्रैंड स्लैम नहीं होगा। अमेरिकी ओपन, अगले साल मिलते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... भारत विश्व कप के इतिहास के सभी 16 संस्करणों में खेलने वाली दुनिया की इकलौती टीम है।

बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप : ट्रीसा-गायत्री ने जीता कांस्य, चीनी जोड़ी से सेमीफाइनल में हारी

नई दिल्ली, 22 अगस्त। भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। शनिवार को महिला युगल सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी को शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा विश्व चैंपियन चीन की लियू शेंग शू और तान निंग के हाथों 21-18, 13-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इसके बावजूद ट्रीसा और गायत्री विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला युगल जोड़ी बन गई हैं, क्योंकि इससे पहले 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने कांस्य पदक जीता था।

पहले गेम में भारतीय जोड़ी का दबदबा : इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के समर्थन के बीच ट्रीसा और गायत्री ने शानदार शुरुआत करते हुए 7-2 की बढ़त बना ली। हालांकि चीनी जोड़ी ने लगातार नौ अंक हासिल कर मध्यांतर तक 11-7 की बढ़त बना ली।

ब्रेक के बाद भारत ने जोरदार वापसी की और लगातार

पांच अंक लेकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। चीन ने 18-16 की बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर लगातार पांच अंक हासिल किए। ट्रीसा के शानदार क्रॉस-कोर्ट स्मैश की मदद से भारत ने पहला गेम 21-18 से अपने नाम कर लिया।

चीन ने दूसरे गेम में की वापसी: दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने कड़ा मुकाबला किया और मध्यांतर तक 11-10 से आगे रही। इसके बाद लियू और तान ने अपनी मजबूत रक्षात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। 49 शॉट की लंबी रैली ने भी चीनी जोड़ी का आत्मविश्वास बढ़ाया। चीन ने इसके बाद लगातार सात अंक हासिल किए और दूसरा गेम 21-13 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया।

निर्णायक गेम में भारत की चुनौती खत्म : तीसरे गेम में चीनी जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। 56 शॉट की मैच की सबसे लंबी रैली के बाद लियू और तान ने मध्यांतर तक 11-5 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारतीय खिलाड़ियों से कुछ गलतियां हुईं, जिसका चीन ने पूरा फायदा उठाया। चीनी जोड़ी ने तीसरा गेम 21-8 से जीतकर फाइनल में जगह बना ली। हालांकि सेमीफाइनल में हार के बावजूद ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने कांस्य पदक अपने नाम कर भारतीय बैडमिंटन के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

पूर्व विश्व चैंपियन मुक्केबाज टेटे की दक्षिण अफ्रीका में हत्या

नई दिल्ली, 22 अगस्त। पूर्व विश्व चैंपियन मुक्केबाज ज़ोलानी टेटे की दक्षिण अफ्रीका में स्थित उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। दक्षिण अफ्रीका के खेल, कला और संस्कृति मंत्री गेयटन मैकेंजी ने कहा कि 38 वर्षीय टेटे की उनकी कार में ही हत्या कर दी गई। उनके साथ वाहन में मौजूद 27 वर्षीय महिला को कई गोलियां लगीं और वह अस्पताल में भर्ती है। टेटे ने 2007-2008 में डब्ल्यूबीएफ फ्लाईवेट श्रेणी में और 2017 और 2019 में डब्ल्यूबीओ बैंटमवेट श्रेणी में विश्व मुक्केबाजी खिताब जीते थे। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब घटी जब टेटे पूर्वी केप के मडांटसेन में अपने आवास पर गेट खुलने का इंतजार कर रहे थे।

भारतीय टीम श्रीलंका में दूसरा टेस्ट जीतकर 3 साल बाद विदेशी श्रृंखला जीतने उतरेगी

नई दिल्ली, 22 अगस्त। पहले टेस्ट मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर विदेशी धरती पर तीन साल में पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने की कोशिश करेगी जबकि कप्तान शुभमन गिल और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की निगाह बड़ा स्कोर बनाने पर होगी। भारत ने विदेश में अपनी आखिरी टेस्ट श्रृंखला जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ जीती थी।

उसके बाद से भारत को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा जबकि उसने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के साथ उनके घरेलू मैदान पर श्रृंखला बराबर की थी। इस बीच उसे न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से घरेलू धरती पर हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब भारत ने गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में 165 रन की शानदार जीत के साथ कुछ हद तक वापसी की है जिससे कप्तान गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर को राहत मिली होगी। भारत अगर इस श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लेता है, तो वह 57.58 प्रतिशत अंकों के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच सकता है। लेकिन यह बांग्लादेश की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में हार पर ही संभव हो पाएगा। डार्विन में पहले टेस्ट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाला बांग्लादेश अभी चौथे स्थान पर है। भारत को इस मैच में गिल और जायसवाल से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। कुलदीप ने शुक्रवार को अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था जिससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलेगी। लेकिन अंतिम निर्णय काफी हद तक यहां की पिच पर निर्भर करता है, जिसे पिछले दो दिनों में पानी डालकर उसकी पकड़ बनाए रखी गई है। श्रीलंका को अगर श्रृंखला में वापसी करनी है तो उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को धैर्य के साथ खेलना होगा। उन्हें उम्मीद होगी कि शानदार फॉर्म में चल रहे कामिल मिशारा और साहन अरच्चिगे को टीम में शामिल करने से सकारात्मक बदलाव आएगा।

स्टार्क का कहर, मैकाय टेस्ट के पहले दिन गिरे 18 विकेट; ऑस्ट्रेलिया को 101 रनों की बढ़त

मैकाय, 22 अगस्त । ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच मैकाय में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन गेंदबाजों का दबदबा रहा और कुल 18 विकेट गिरे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और शोरिफुल इस्लाम के शानदार छह-छह विकेट के प्रदर्शन ने मैच को रोमांचक बना दिया। ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहली पारी में महज 64 रन पर समेटने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक आठ विकेट पर 165 रन बना लिए हैं और उसे 101 रनों की बढ़त हासिल है।

टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मिशेल स्टार्क ने मैच की पहली ही गेंद पर शादमान इस्लाम को गली में कैच कराकर अपना खाता खोला। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। बांग्लादेश ने सात ओवर के भीतर 12 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे।

स्टार्क ने 22 गेंदों के भीतर पांच विकेट झटक लिए थे। मुशफिकुर रहीम ने कुछ देर उनका हैट्रिक लेने का मौका रोक दिया। मेहदी हसन मिराज और हसन महमूद ने पारी को कुछ समय संभाला और लंच तक बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 35 रन था।

नीरज चोपड़ा का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, लुसाने डायमंड लीग में 88.05 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर

लुसाने, 22 अगस्त। भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को लुसाने डायमंड लीग में सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 88.05 मीटर का थ्रो किया, लेकिन वह खिताब जीतने से महज नौ सेंटीमीटर से चूक गए। श्रीलंका के रुमेश पथिरागे ने 88.14 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया।

ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 86.69 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर उतरे नीरज ने पहले प्रयास में 83.54 मीटर का थ्रो किया। इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 88.05 मीटर की दूरी तय कर सत्र का

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दूसरे दौर के बाद नीरज शीर्ष पर चल रहे थे। नीरज का यह पिछले साल जून में पेरिस डायमंड लीग के बाद पहला 88 मीटर से अधिक का थ्रो भी रहा। हालांकि, राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पथिरागे ने तीसरे प्रयास में 88.14 मीटर का थ्रो कर नीरज को पीछे छोड़ दिया।

दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन में महज नौ सेंटीमीटर का अंतर रहा, लेकिन यह अंतर पथिरागे के लिए खिताब जीतने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। यह इस साल डायमंड लीग में पथिरागे की तीसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने रोम और दोहा में भी खिताब जीता था।

इस परिणाम के साथ पथिरागे के खिलाफ नीरज का आमने-सामने का रिकॉर्ड 0-3 हो गया है। अब नीरज की नजर आगामी एशियाई खेलों पर होगी, जहां वह सत्र का अपना पहला खिताब जीतकर वापसी करना चाहेंगे।

भारत के लिए ट्रॉफी जीतना ही मुख्य लक्ष्य : गौतम गंभीर

नई दिल्ली, 22 अगस्त। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने शनिवार को तीन मैचों की टेस्ट श्रृखला की पैरवी करते हुए कहा कि दो मैचों की सीरीज में पहला मुकाबला हारने वाली टीम पर अनावश्यक दबाव पड़ता है और उसके पास वापसी का पर्याप्त अवसर नहीं रहता। भारत और श्रीलंका के बीच इस समय दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जा रही है। शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम गॉल में पहला टेस्ट 165 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 से आगे है। मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में गंभीर ने कहा, आदर्श रूप से मैं तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला चाहूंगा। मेरा हमेशा से मानना

रहा है कि जो टीम पहला टेस्ट हारती है, उसके पास वापसी करके श्रृंखला जीतने का मौका होना चाहिए। उन्होंने कहा, दो टेस्ट की सीरीज में अगर आप पहला मैच हार जाते हैं तो दूसरी टीम के पास वापसी करके सीरीज जीतने का कोई मौका नहीं रहता। अधिकतम आप श्रृंखला ड्रॉ कराने की कोशिश कर सकते हैं। गंभीर ने 2001 की भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला को याद करते हुए कहा, मुझे आज भी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वह सीरीज याद है, जिसमें भारत 0-1 से पिछड़ गया था, लेकिन उसने शानदार वापसी करते हुए सीरीज 2-1 से जीत ली थी। दो टेस्ट मैचों की सीरीज में अक्सर दोनों मुकाबलों के बीच आराम का समय कम होता है। हालांकि, गंभीर ने इसे लेकर चिंता नहीं जताई। उन्होंने कहा, कम अंतराल। यह ठीक है। दूसरी टीमें भी ऐसा कर रही हैं। एक पेशेवर क्रिकेटर के तौर पर हम जानते हैं कि अपने शरीर को कैसे संभालना है। यही कारण है कि कुछ दिन हम खिलाड़ियों को वैकल्पिक अभ्यास की अनुमति देते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में अनुभवी खिलाड़ियों के लिए लगातार खेलना मुश्किल हो सकता है और इसलिए टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को संभालने की कोशिश करता है। लगातार खराब नतीजों के बाद हो रही आलोचनाओं और 'बाहरी शोर' से बेपरवाह भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि उनका पूरा ध्यान भारत के लिए ट्रॉफियां जीतने पर है। गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद भारत को न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा, जबकि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी टीम को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर 2-2 से टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ करना उनके कार्यकाल में एक सकारात्मक पहलू रहा है।

प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने कोवेंट्री सिटी को 3-0 से हराया

नई दिल्ली, 22 अगस्त। मौजूदा चैंपियन आर्सेनल ने प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले मैच में कोवेंट्री सिटी पर 3-0 की जीत के साथ खिताब बचाने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। फ्रांस में अमीन गौरी के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की बदौलत मार्सिले ने लीग1 के पहले ही मैच में स्ट्रासबर्ग को 4-0 से करारी शिकस्त दी। स्पेनिश लीग ला लिगा में रियाल बेटिस ने रियाल सोसिएदाद को 1-0 से हराकर क्लीन शीट (मैच में गोल खाए बिना जीतना) हासिल की। प्रीमियर लीग खिताब के लिए 22 साल के इंतजार को खत्म करने के बाद आर्सेनल ने दमदार शुरुआत करके दिखा दिया कि वह फिर से चैंपियन बनने का प्रबल प्रबल दावेदार क्यों है। उसकी तरफ से काई हैवर्त्ज़, बुकायो साका और मार्टिन ओडेगार्ड ने गोल किए। इनमें क्रिस्टोस जोलिस ने दो गोल करने में मदद की।

फिलाडेल्फिया के खिलाड़ी से भिड़ने पर मेसी पर लगा जुर्माना

मियामी, 22 अगस्त । इंटर मियामी के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पर मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाड़ी क्विन सुलिवन के साथ शुक्रवार को मैदान पर हुई झड़प के मामले में अज्ञात राशि का जुर्माना लगाया है। मेसी के इंटर मियामी साथी इयान फ्रे पर भी जुर्माना लगाया गया है। यह घटना मैच के अतिरिक्त समय के 11वें मिनट में हुई, जब मेसी गेंद के खेल में होने के दौरान क्विन सुलिवन का सामना करने के लिए सेंटर सर्किल की ओर पहुंचे। दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई, जिसके बाद मेसी ने सुलिवन की गर्दन के पीछे हाथ मारा। एमएलएस की अनुशासन समिति ने कहा कि मेसी और फ्रे पर विपक्षी खिलाड़ी के चेहरे, सिर या गर्दन पर हाथ लगाने संबंधी लीग की नीति का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

दलीप ट्रॉफी आज से, छह क्षेत्रीय टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी

नई दिल्ली, 22 अगस्त । दलीप ट्रॉफी 2026-27 का आगाज 23 अगस्त से होगा। प्रतिष्ठित घरेलू टूर्नामेंट में छह क्षेत्रीय टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट में भारतीय टीम के कई अनुभवी खिलाड़ियों के साथ उभरते सितारे भी प्रतिभा दिखाएंगे। गत चैंपियन साउथ जोन सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेगा। सेंट्रल जोन को भी अंतिम चार में सीधे प्रवेश मिला है। वहीं, नॉर्थ जोन, वेस्ट जोन, ईस्ट जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन क्वार्टर फाइनल में उतरेंगे। क्वार्टर फाइनल के विजेता सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। रजत पाटीदार सेंट्रल जोन की कप्तानी करेंगे, जबकि तिलक वर्मा साउथ जोन के कप्तान होंगे। ऋतुराज गायकवाड़ वेस्ट जोन, ईशान किशन ईस्ट जोन, जोनाथन रोंगसेन नॉर्थ-ईस्ट जोन और कन्हैया वाधवान नॉर्थ जोन कमान संभालेंगे।

जयपुर में शुरू हुई राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी

जयपुर, 22 अगस्त। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आज से जयपुर में शुरू हुई राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी के पहले दिन खेले गए लीग मैचों के परिणाम :- राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी (पहले दिन जयपुर - भीलवाड़ा (जयपुर जीती), भरतपुर - श्रीगंगानगर (भरतपुर सुपर ओवर में जीती), नागौर - कोटा (कोटा जीती), बाड़मेर - प्रतापगढ़ (बाड़मेर जीती), धौलपुर - बीकानेर (बीकानेर जीती), उदयपुर - सीकर (सीकर जीती), जैसलमेर - राजसमंद (राजसमंद जीती), झालावाड़ - जोधपुर (जोधपुर जीती), टोंक -झुंझनू(झुंझुनू जीती।

राजस्थान के विकेट कीपरबल्लेबाज रजत बघेल बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स शिविर के लिए चयनित : बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स द्वारा देश के युवा प्रतिभावान विकेट कीपर को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने हेतु आगामी 24 अगस्त से बेंगलोर स्थितबीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्समें आयोजित होने वाले विशेष उच्च स्तरीय विकेट कीपर प्रशिक्षण शिविर के लिए

राजस्थान के युवा प्रतिभावान विकेट कीपर बल्लेबाज रजत बघेल का चयन किया है। बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स , बेंगलोरमें विशेष उच्च स्तरीय विकेट कीपर प्रशिक्षण शिविर आगामी 24 अगस्त से 29 अगस्त 2026 को आयोजित किया जायेगा।

आरयू रेजिडेंशियल अकादमी राष्ट्रीय मंच पर प्रदुन्ना चांगमई का भारत की अंडर-15 टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए चयन

जयपुर, 22 अगस्त। राजस्थान यूनाइटेड रेजिडेंशियल अकादमी को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि असम के उभरे हुए युवा फुटबॉलर प्रदुन्ना चांगमई का भारत की अंडर-15 पुरुष राष्ट्रीय टीम के कैंप के लिए चयन हुआ है। यह कैंप 2011 और 2012 में दौड़ने वाले खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप अंडर-15 फीफा विश्व कप/फेस्टिवल की तैयारियों के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका आयोजन 22 से 31 अक्टूबर 2026 तक अजरबैजान में किया जाना है। प्रदुन्ना चांगमई का चयन उनके विकास

की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह असम तथा राजस्थान यूनाइटेड रेजिडेंशियल अकादमी दोनों के लिए गर्व का क्षण है। उनका चयन उनकी निरंतर मेहनत, प्रगति और मैदान पर लगातार बेहतर प्रदर्शन का परिणाम है। साथ ही, यह युवा फुटबॉल के विकास में अकादमी के बढ़ते योगदान को भी बरकरार है।

असम से आने वाले चांगमई ने राजस्थान यूनाइटेड रेजिडेंशियल अकादमी में अपने फुटबॉलिंग सफर को आगे बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर तक उनकी यह यात्रा देशभर से युवा प्रतिभाओं को परिचित और उन्हें एक जुटा एवं पेशेवर फुटबॉल विकास प्रणाली के माध्यम से आगे बढ़ाने के अकादमी के निरंतर प्रयासों को उजागर करती है।

राजस्थान यूनाइटेड एफसी के डिवीजन के.के. टाक ने प्रदुन्ना चांगमई को बधाई देते हुए कहा: प्रदुन्ना का भारत की अंडर-15 राष्ट्रीय टीम के कैंप के लिए चयन राजस्थान यूनाइटेड रेजिडेंशियल अकादमी के लिए गर्व का क्षण है। असम से राष्ट्रीय मंच तक का उनका सफर उनकी मेहनत और हमारी अकादमी की निरंतर प्रगति को बरकरार है। हम अपने युवा विकास कार्यक्रम को और मजबूत करने तथा अपने खिलाड़ियों के लिए देश का प्रतिनिधित्व करने के अधिक अवसर तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं प्रदुन्ना को कैंप और उनके आगामी सफर के लिए शुभकामनाएं देता हूं। राजस्थान यूनाइटेड रेजिडेंशियल अकादमी युवा प्रतिभाओं को विकसित करने और खिलाड़ियों को भारतीय फुटबॉल के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने के लिए एक मजबूत और स्पष्ट मार्ग प्रदान करने की दिशा में लगातार कार्य करती रहेगी।

टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स, अल्कारेज के साथ मिक्स्ड डबल्स खेलेंगी

नई दिल्ली, 22 अगस्त। सेरेना विलियम्स यूएस ओपन में कार्लोस अल्कारेज के साथ मिक्स्ड डबल्स खेलेंगी। यूएस टेनिस एसोसिएशन ने शनिवार को बताया कि विलियम्स और अल्कारेज को टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। मिक्स्ड डबल्स का मेन ड्रॉ मंगलवार से शुरू होगा। यह 2022 के बाद सेरेना का पहला यूएस ओपन होगा। वहीं स्पेन के खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज डिफेंडिंग चैंपियन हैं। उन्होंने 2025 का खिताब जीता था। सेरेना 2022 के बाद यूएस ओपन में पहली बार उतरेंगी। 23 बार की ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन टेनिस में वापस लौटी हैं। विलियम्स ने अभी यह नहीं बताया है कि वह न्यूयॉर्क में सिंगल्स खेलेंगी या नहीं। इसके लिए एसोसिएशन ने एक महिला वाइल्ड कार्ड अभी बचाकर रखा है। विलियम्स ने विंबलडन में सिंगल्स खेला था। इसके बाद उन्होंने सिनसिनाटी ओपन में अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ डबल्स खेला था।

लिवरपूल के मिडफील्डर कर्टिस जोन्स इंटर मिलान से जुड़े

रोम, 22 अगस्त । लिवरपूल के मिडफील्डर कर्टिस जोन्स ने इंटर मिलान के साथ करार पूरा कर लिया। इसके साथ ही वह इस गर्मियों में इटली के इस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं।

25 वर्षीय जोन्स लिवरपूल में 16 साल बिताने के बाद पहली बार इंग्लैंड से बाहर खेलने जाएंगे। वह इंटर मिलान में इंग्लैंड के जॉन स्टोन्स और डीजेड स्पेंस के साथ जुड़ेंगे। इंटर के इतिहास में जोन्स क्लब के लिए खेलने वाले छठे इंग्लिश खिलाड़ी होंगे। इंटर मिलान ने एक बयान में कहा कि जोन्स के लिए अब एक नई और शानदार चुनौती का समय है और वह अपने पूरे करियर के दौरान साथ रही आत्मविश्वास की भावना के साथ इस नए सफर की शुरुआत करेंगे। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, जोन्स का यह करार करीब 3.5 करोड़ यूरो (लगभग 4.08 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का है।

राजस्थान स्टेट सिलेक्शन जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में दूसरे दिन बड़े उलटफेर, शीर्ष खिलाड़ियों को मिली कड़ी चुनौती

जयपुर, 22 अगस्त। राजस्थान चेस एसोसिएशन के निर्देशन एवं जयपुर जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान स्टेट सिलेक्शन जूनियर (-19) रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता-ओपन एवं गर्ल्स 2026 के दूसरे दिन मुकाबलों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। प्रतियोगिता के चौथे और पांचवें राउंड में कई कम वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने मजबूत एवं ऊंची रेटिंग वाले खिलाड़ियों को हराकर अंक तालिका में रोमांच बढ़ा दिया। जयपुर जिला शतरंज संघ के सचिव जयेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि प्रतियोगिता

में प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव देने के साथ उन्हें अपनी रेटिंग सुधारने और राज्य स्तर पर चयन का अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतिम दो राउंड में मुकाबले बेहद महत्वपूर्ण होंगे और अंक तालिका में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। प्रतियोगिता में 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दांव पर है और ओपन एवं गर्ल्स वर्ग में प्रदेशभर के खिलाड़ी राज्य स्तरीय चयन के लिए जोरदार मुकाबला कर रहे हैं।

नीदरलैंड से 0-2 से हारी भारतीय टीम, डिफेंस ने दिखाया दम

एम्सटेलवीन, 22 अगस्त। भारतीय गोलकीपरों सविता और बिछू की अगुवाई में भारतीय डिफेंस ने साहसिक प्रदर्शन किया लेकिन पेरिस ओलंपिक और पिछले तीन बार की विश्व चैम्पियन नीदरलैंड की टीम ने एफआईएच विश्व कप के दूसरे दौर के पहले मुकाबले में शुक्रवार को 2 - 0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में बारह पेनल्टी कॉर्नर बचाने वाले भारतीय गोलकीपरों और डिफेंडरों ने दुनिया की नंबर एक टीम को खचाखच भरे वेगनेर स्टेडियम पर खुलकर खेलने नहीं दिया। पहले दौर में तीन मैचों में पंद्रह गोल करने वाली डच टीम के लिये दूसरे मिनट में यिब्बी यानसेन ने और 38वें मिनट में फ्रेडरिक माल्टा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। नीदरलैंड को आखिरी सेकंडों में भी पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे सविता ने रोक दिया। भारत को अब रविवार को आस्ट्रेलिया से खेलना है और सेमीफाइनल की उम्मीदें बचाये रखने के लिये उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा। नीदरलैंड टीम पेरिस ओलंपिक और पिछले विश्व कप में एक भी मैच नहीं हारी।

भारत मेंस हॉकी वर्ल्डकप में नीदरलैंड से 3-1 से हारा

एम्सटेलवीन, 22 अगस्त। भारतीय हॉकी टीम मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के खिलाफ 3-1 से हार गई है। इसी के साथ वर्ल्ड नंबर-1 सेमीफाइनल में पहुंच गई। एमस्टेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में शनिवार को मिली हार से भारत के सेमीफाइनल की राह कठिन हो गई है। अब भारत को 24 अगस्त को होने वाले मैच में अर्जेंटीना से 6 से ज्यादा गोल के अंतर से जीतना होगा। साथ ही इंग्लैंड के दोनों मैच हारने की दुआ करनी होगी। 49वें मिनट में हेडेमेकर्स ने फील्ड गोल करके बढ़त दोगुनी कर ली। इससे पहले 41वें मिनट में डुको टेलगेनकैंप ने पहला फील्ड गोल किया । 53वें मिनट में वैन डैम ने गोल करके बढ़त को 3-1 कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 51वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल स्कोर किया। पहले हाफ में नीदरलैंड ने पेनल्टी कॉर्नर बनाए। जबकि, भारतीय टीम ने फील्ड गोल के मौके बनाए। हालांकि, अब तक कोई टीम गोल स्कोर नहीं कर सकी। यह मैच देखने के लिए क्रिकेट के महान खिलाड़ी स्टीव वॉ, राहुल द्रविड़ और हॉकी के दिग्गज जेमी ड्वायर और ट्यूयून डी नूयर मौजूद रहे।

एमजीडी गर्ल्स स्कूल में चार दिवसीय इंटर-हाउस खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

जयपुर, 22 अगस्त। महारानी गायत्री देवी (एमजीडी) गर्ल्स स्कूल में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक इंटर-हाउस गेम्स एवं स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 2026-27 शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता की शुरुआत 19 अगस्त को निदेशिका श्रीमती अर्चना एस. मनकोटिया की प्रेरणादायी उपस्थिति और पारंपरिक खेल शपथ के साथ हुई थी, जिसके बाद चारों सदनों-फ्लोरेंस नाइटिंगेल, मैडम

क्यूरी, हेलेन केलर और सरोजिनी नायडू हाउस-के बीच विभिन्न खेल विधाओं में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। शुरुआती दौर के मुकाबलों के बाद प्रतियोगिता में मैडम क्यूरी हाउस ने अपना दबदबा साबित करते हुए टेनिस और सीनियर बैडमिंटन के खिताबी मुकाबलों में पहला स्थान हासिल किया, जबकि टेबल टेनिस के फाइनल में हेलेन केलर हाउस विजयी रहा। इसके साथ ही खो-खो, बास्केटबॉल, थ्रोबॉल, 6-ए-साइड हॉकी और क्रिकेट जैसे प्रमुख टीम इवेंट्स में भी सभी सदनों के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के चौथे और अंतिम दिन मैदान पर एथलेटिक्स की रोमांचक स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें अंडर-19 हैमर थ्रो, अंडर-17 व 19 जैवलिन थ्रो और अंडर-14 शटल रिले मुख्य आकर्षण रहीं। अंतिम दिन का सबसे रोचक हिस्सा विद्यार्थियों और शिक्षिकाओं के बीच आयोजित दोस्ताना मुकाबले रहे, जिसमें शिक्षक वर्ग ने अपनी रणनीतिक पकड़ के दम पर बास्केटबॉल और थ्रोबॉल दोनों मैचों में जीत दर्ज की। खेल भावना, अनुशासन और आपसी तालमेल के साथ इस चार दिवसीय खेल उत्सव का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

यूएई के इकोनॉमी एवं टूरिज्म मंत्री से राजस्थान पोलो क्लब के अधिकारियों की अनौपचारिक मुलाकात

जयपुर, 22 अगस्त। राजस्थान पोलो क्लब में यूएई के इकोनॉमी एवं टूरिज्म मंत्री एच.ई. अब्दुल्लाह बिन तौक अल मारी से अनौपचारिक मुलाकात हुई। इस दौरान राजस्थान और यूएई के बीच पर्यटन, पोलो और आपसी सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान राजस्थान की सम